अपनी प्रतिभा को पहचान लक्ष्य निर्धारित करें छात्रः सिंह

• सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में विमर्श 7.0 का आयोजन

भास्कर समाचार सेवा

काशीपुर। छात्रों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रोत्साहित कर शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाने के उद्देश्य से सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ़ फार्मेसी में वीर माधव सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ओंकार सिंह की गरिमामयी उपस्तिथि में विमर्श 7.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति ओंकार सिंह, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान एवं संस्थान के निदेशक डा. कपिल चौहान ने किया।

विमर्श 7.0 कार्यक्रम में छात्रों व शिक्षकों के बीच कुलपति ओंकार सिंह।

विमर्श 7.0 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ओंकार सिंह ने कहा कि हर छात्र में एक अलग क्वालिटी होती है। हमें उसकी प्रतिभा को पहचानना और निखारना है और उसको उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ. कीर्ति सिंह ने किया। संस्थान के निदेशक डॉ. कपिल ने जानकारी देते हुए बताया कि कुलपति ने छात्रों एवं अध्यापकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के सहजतापूर्ण जवाब दिए। संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम के आयोजन पर सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी एवं चैयरमैन गोपाल सिंह चौहान ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि अगर हम कुलपति के दिखाएं शिक्षा मार्ग पर चलेंगे तो छात्रों का उज्जवल भविष्य निश्चित है। इस दौरान डा. केवल कुमार, डा. योगराज सिंह, डा. सीमा, डा. राजकुमार, हिमांशु लोहनी आदि समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज में विमर्श 7.0 का आयोजन

काशीपुर। सम्राट पृथ्वीराज चौहान कॉलेज ऑफ फार्मेसी में वीर माधव सिंह भंडारी उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति ओंकार सिंह की मौजूदगी में विमर्श 7 .0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुलपति ओंकार सिंह, संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर महेश सिंह चौहान, चेयरमैन गोपाल सिंह चौहान एवं संस्थान के निदेशक डॉ . कपिल चौहान ने किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करना एवं शिक्षा की गुणवत्ता में और सुधार लाना रहा। विमर्श कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष डॉ . कीर्ति सिंह एवं तानिया ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में छात्रों ने कुलपति से शिक्षा, परीक्षा एवं मूल्यांकन संबंधी प्रश्न उत्तर किए। इस मौके पर डॉ . केवल कुमार, डॉ . योगराज सिंह, डॉ . सीमा, डॉ . राजकुमार, हिमांशु लोहनी, अमित सेन, अंकित राजपूत, जफर, मनीष, सीमा आदि मौजूद रहे।